प्रिलिम्स फैक्ट: 18 दिसंबर, 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-18-december-2020

भारत-इंडोनेशिया समन्वित गश्त

भारत-इंडोनेशिया संयुक्त गश्त

India-Indonesia Coordinated Patrol

हाल ही में भारतीय और इंडोनेशियाई नौसेना के मध्य **भारत-इंडोनेशिया संयुक्त गश्त (इंड-इंडो कॉरपैट) के 35वें संस्करण** का आयोजन किया गया है।

प्रमुख बिंदु

पृष्ठभूमि:

भारत सरकार की 'सागर पहल'; क्षेत्र में सभी के लिये सुरक्षा और विकास (Security And Growth for All in the Region-SAGAR) के हिस्से के रूप में भारतीय नौसेना, **संयुक्त गश्त,** विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (**Exclusive Economic Zone- EEZ) निगरानी, समुद्री मार्ग अभ्यास और द्विपक्षीय/बहुपक्षीय अभ्यास** में सहयोग के लिये हिंद महासागर क्षेत्र में अन्य देशों के साथ लगातार संलग्न है।

इसका मुख्य **उद्देश्य** क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा को बढ़ाना है।

इंड-इंडो कॉरपैट:

- समुद्री संधियों (Links) को सुदृढ़ता प्रदान करने के लिये दोनों देशों की नौसेनाएँ **वर्ष 2002** के बाद से अपनी अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के साथ **कॉरपैट** का आयोजन कर रही हैं।
- **उद्देश्य**:
  - इसका उद्देश्य क्षेत्र में **शिपिंग और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की सुरक्षा सुनिश्चित** करना है।
  - कॉरपैट नौसेनाओं के मध्य **समझ और अंतर-संहिता का निर्माण** करते हैं और अवैध गैर-कानूनी अनियमित (**Illegal Unreported Unregulated-** IUU) रूप से **मछली पकड़ने, मादक पदार्थों की तस्करी, समुद्री आतंकवाद, सशस्त्र डकैती तथा समुद्री डकैती** को रोकने या इनमें कमी लाने हेतु सुविधा प्रदान करते हैं।
- **35वें संस्करण में प्रतिभागी:**
  भारतीय नौसैनिक जहाज़ (INS) कुलिश- यह एक स्वदेशी मिसाइल कोरवेट और P8I मैरीटाइम पैट्रोल एयरक्राफ्ट (MPA) है जिसने इंडोनेशियाई जहाज़ों के साथ समन्वित गश्ती दल का संचालन किया।
- **लाभ**: 35वाँ **इंड-इंडो कॉरपैट**, भारतीय नौसेना की अंतर-प्रयोज्यता को मज़बूती प्रदान करने के साथ ही **इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के बीच संबंधों को मज़बूत बनाने के प्रयासों में** योगदान देगा।

इंडोनेशिया के साथ अन्य सैन्य अभ्यास:

- समुद्र शक्ति: एक द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास।
- **गरुड़ शक्ति:** एक संयुक्त **सैन्य** अभ्यास।